(ख) पिछले वर्षों की तुलना में क्या यह संख्या बढ़ी है अथवा घटी है ; और

(ग) ऊपर उल्लिखित अवधि में देश को विदेशी पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ?

**पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह** : (क) से (ग) नवम्बर, 1990 तक भारत में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या तथा पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में उनसे विदेशी मुद्रा की हुई अनुमानित आय नीचे दी गई है :—

| | 1989 (नवम्बर तक) | 1990 (नवम्बर तक) |
|---|---|---|
| विदेशी पर्यटकों का आगमन | 11,83,832 | 11,81,978 |
| विदेशी मुद्रा की अनुमानित आय (रुपए करोड़ों में) | 2,008 | 2,265 |

**रेलवे टिकटों और आरक्षण में हेराफेरी**

1063. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 6 महीनों के दौरान रेलवे आरक्षण और रेलवे टिकटों में हेराफेरी के कुल कितने मामले सरकार की जानकारी में आए हैं ;

(ख) इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इस प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास)** : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**रेलवे में डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की खपत**

1064. **श्री अजीत जोगी :**
**कुमारी आलिया :**

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलवे में डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत कितनी-कितनी रही ;

(ख) इनकी खपत को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(ग) क्या इन उत्पादों की खपत में विशेषकर पिछले 6 महीनों के दौरान कोई कमी देखी गई है और पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इन उत्पादों की खपत में कितनी कमी आई है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास)** : (क) 1987-88 से 1989-90 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए भारतीय रेलों में डीजल और अन्य पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत इस प्रकार है :—

| वर्ष | कर्षण के लिए डीजल की खपत (लाख किलो लीटर में) | गैर-कर्षण के लिए डीजल और अन्य उत्पादों की खपत (लाख किलो लीटर में) |
|---|---|---|
| 1987–88 | 15.96 | 0.82 |
| 1988–89 | 16.53 | 0.80 |
| 1989–90 (अनंतिम) | 16.77 | 0.78 |

(ख) खपत को कम करने के लिए किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास इस प्रकार हैं :—

(i) उनका ठीक देख-रेख और हिसाब रखना ।

(ii) रेल इंजनों पर डीजल की खपत को ड्राइवर-वार और इंजन-वार निगरानी रखना ।

(iii) रेल इंजनों की सही यांत्रिक हालत में रखने के लिए निगरानी रखना ।

(i) रेलपथ और पहिया कोरों आदि का स्नेहन ।

(ग) पैट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के के लिए रेलों द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों के परिणामस्वरूप इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। संरक्षण प्रयोजनों के लिए पैट्रोलियम उत्पादों की खपत में पर्याप्त कमी हुई है ।

1989-90 में संरक्षण के लिए डीजल तेल की खपत में 1987-88 अर्थात् 2 वर्षों की तुलना में केवल 5% की वृद्धि हुई है, यद्यपि इसी अवधि के दौरान डीजल रेल इंजन में 5.12% की वृद्धि हुई है । वास्तव में, संरक्षण के लिए डीजल के कुशल उपयोग के लिए रेलों द्वारा किए गए विभिन्न उपचारात्मक उपायों के कारण 1989-90 में प्रति इंजन उच्च गति डीजल तेल की खपत 1987-88 की तुलना में 3.7% कम हुई है ।

1990-91 के पहले छः महीनों के दौरान भी उच्च गति डीजल तेल की खपत में वही है जो मौजूदा बेडे में 86 डीजल रेल इंजन शामिल करने के बावजूद पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में थी ।

**US Assistance to develop religious Places of Buddhists**

1065. SHRI RAJNI RANJAN SA-HU: Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether U. S. has offered assistance to India to develop religious places of Buddhists interests in the country; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SMT. USHA SINGH): (a) and (b) National Park Service of U. S. A. are preparing a conceptual plan for the development of selected places along.,, the Buddhist Sector at Sarnath in Uttar Pradesh and Bodhgaya, Rajgir and Nalanda in Bihar.

**रीवा कृषि महाविद्यालय को राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना**

1066. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कृषि महाविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में कृषि सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्ती लाल बीरुभाई शाह) : (क) जी नहीं ।

(ख) मध्य प्रदेश में पहले से ही दो राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं जिनके अंतर्गत 13 संघटक महाविद्यालय हैं ।

**मध्य प्रदेश में दल्ली-राजहरा जगदलपुर रेलवे लाइन के सर्वेक्षण का पूरा किया जाना**

1067. **श्री अजीत जोगी :**
**कुमारी आलिया :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में दल्ली-राजहरा-जगदलपुर रेलवे लाइन के संबंध में अंतिम सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है ;